# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 23 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 211 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## माटी श्री गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन

इंदौर। श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर की सांस्कृतिक समिति एवं NDLI के संयुक्त तत्वावधान में माटी श्री गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलांजलि सोशल वेलफेयर सोसायटी की संस्थापिका एवं अध्यक्ष सुश्री हेमलता कुमार तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।

प्राचार्य डॉ. अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि— "पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें अपने आराध्य श्रीगणेश की प्रतिमा मिट्टी से ही बनानी चाहिए, ताकि प्रकृति और संस्कृति दोनों का सम्मान हो।" मुख्य अतिथि सुश्री हेमलता कुमार ने अपने उद्बोधन में सुझाव दिया कि— "मिट्टी से बनी प्रतिमा में बीज (सीड) का भी उपयोग किया जाए, जिससे विसर्जन के बाद पौधा विकसित हो सके और पर्यावरण को नई ऊर्जा मिले।" कार्यशाला में कलांजलि सोसायटी की



सदस्यगण सोनाली नेरकर, नसीम अली, डेज़ी छेतिया और दीक्षिता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में समिति संयोजक प्रो. विभोर ऐरन, डॉ. राकेश उपाध्याय, डॉ. ललित चौहान सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।सांस्कृतिक समिति संयोजिका डॉ. वंदना मिश्रा ने बताया कि "कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया।" कार्यक्रम का संचालन डॉ. साक्षी मोटवानी ने किया ।इस अवसर पर प्रबंधन वर्ग ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में 200के लगभग विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

## दोस्ती के बाद किया दुष्कर्म फिर धर्म बदलने के लिए धमकाया



इंदौर। इंदौर के खजराना इलाके में एक युवती से दोस्ती के बाद आरोपी द्वारा दुष्कर्म किया, जब युवती ने शादी का दबाव डाला तो आरोपी उसे धर्म परिवर्तन कर ईसाई बनने के लिए धमकाने लगा।जिसके बाद हिंदूवादियों की मदद से पीड़िता ने पुलिस की शरण लेते हुए केस दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय पीड़िता केयरटेकर का काम करती है। लगभग डेढ़ साल पहले उसकी पहचान अर्पित पिता संजय निवासी संजीव नगर खजराना से सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। अर्पित ने खुद को टेली परफॉर्मेंस कंपनी का कर्मचारी बताया अगले ही दिन वह उसे मिलने बुलाकर अपने घर ले गया और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए इसके बाद कई बार विभिन्न जगहों पर ले जाकर भी संबंध बनाएपीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने अर्पित को अपनी शादीशुदा होने की जानकारी दी थी लेकिन अर्पित ने कहा कि उसे कोई आपत्ति नहीं है और वह जल्द शादी करेगा कुछ समय बाद जब पीड़िता ने अर्पित से शादी का दबाव बनाया तो उसने कहा कि शादी तब होगी जब वह ईसाई धर्मअपनाएगी मना करने पर उसे उसने धमकी दी कि उसके पास मौजूद कुछ वीडियो वहसोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

## इंदौर में माँ अहिल्याबाई होलकर की 230वीं पुण्यतिथि पर शोभायात्रा का आयोजन



इंदौर। शहर में माँ अहिल्याबाई होलकर की 230वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पारंपरिक पालकी शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग ने पालकी का स्वागत माला अर्पित कर किया। कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न वर्गों और समुदायों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ पालकी का स्वागत किया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन एवं सांसद शंकर लालवानी का स्वागत प्रतीक चिह्न के रूप में महाकाल का चित्र देकर विशेष रूप से किया गया। सभी शहरवासियों का मानना है कि माँ अहिल्याबाई होलकर का जीवन समाजसेवा, न्याय और जनकल्याण की अद्वितीय मिसाल रहा है। पुण्यतिथि पर निकली यह शोभायात्रा शहर में सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनी। इस अवसर पर सर्वधर्म संस्था के अध्यक्ष मंजूर बैग माहिर शाह वारसी एजाज़ कुरैशी नरेंद्र जाट समीर बैग आदि लोग उपस्थित थे।

## शिप्रा के स्वच्छ पानी से ही होगा शनिश्चरी अमावस्या का स्नान

उज्जैन : 23 अगस्त को शनिश्चरी अमावस्या पर्व पर त्रिवेणी शनि मंदिर घाट पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है जिससे दृष्टिगत रखते है निगम द्वारा समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। कुछ समाचार पत्र में त्रिवेणी घाट पर मिल रहा गंदा पानी, कल शनिश्चरी पर यहीं डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु हैडिंग का प्रकाशन किया जाकर कान्ह नदी का गंदा पानी मिलने का समाचार प्रकाशित किया गया है।

वास्तविकता यह है कि शनिश्चरी अमावस्या होने से शनि मंदिर पर स्नान हेतु नर्मदा का पानी 17 अगस्त से जल संसाधन विभाग के आउटलेट नागफणी से निरंतर प्रवाहित किया गया, कुछ दिन से निरन्तर बारिश होने से त्रिवेणी स्थित कान्ह नदी का पानी मिट्टी के बंड से ओवरफ्लो होकर निरंतर प्रवाहमान है । वर्तमान में देवास जिले में बारिश होने से क्षिप्रा बैराज के गेट .5 मीटर खोले जाने से नदी में बारिश का पानी प्रवाहमान है , जिससे जल स्तर शनि मंदिर घाट पर बना हुआ है व पानी की अधिकता होने से त्रिवेणी बैराज पर ओवरफ्लो भी हो रहा है अतः त्रिवेणी घाट पर निरन्तर प्रवाहमान होता हुआ शिप्रा नदी का स्वच्छ पानी है जिससे शनिश्चरी अमावस्या का स्नान होगा। शनिश्चरी अमावस्या को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार निगम द्वारा त्रिवेणी घाट एवं आस पास पहुंच मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था, घास की छटाई, स्नान हेतु फव्वारे, कंट्रोल रूम, महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु चेंजिंग रूम, रैंप, पी ए सिस्टम, रोड पर पेंचवर्क इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है साथ है सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए 24 घंटे 3 शिफ्ट में सफाई मित्रों को लगाया गया है।

# राशन वितरण में अनियमितता मिलने पर होगी कार्यबाही -एसडीएम ममता शाक्य

## एसडीएम ने ली खनियांधाना पीडीएस के विक्रेताओं की समीक्षा बैठक

**जगदीश पाल**

पिछोर ( शिवपुरी ) जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व)ममता शाक्य द्वारा जनपद पंचायत खनियाधाना के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं से पीडीएस संबंधित चर्चा कर समीक्षा की गई!

जिसमें खनियाधाना के लगभग 100 से अधिक विक्रेता उपस्थित हुए।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिछोर के समक्ष की गई समीक्षा में एसडीएम शाक्य द्वारा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता देखने को नहीं मिलनी चाहिए! उन्होंने कहा कि पात्रतानुसार राशन का वितरण करें,राशन वितरण ठीक से न होने पर कार्यबाही की जाएगी ! तथा जहां जहां



सीएम हेल्पलाइन लगी है,उन विक्रेताओं को जल्द से जल्द शिकायतों के निराकरण कराने के निर्देश दिए !उन्होंने सबसे अधिक 27 शिकायतों वाली ग्राम पंचायत चमरौआ के विक्रेता को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।तथा समीक्षा वैठक के दौरान श्रीमती शाक्य द्वारा एक एक विक्रेता से चर्चा कर , विक्रेताओं से संबंधित वेतन संबंधी समस्या का निराकरण तत्काल प्रबंधक को कराने के निर्देश दिए। निराकरण नहीं करने पर संस्थाओं से दुकान पृथक करने की चेतावनी दी , प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बह लगातार दुकानों का निरीक्षण कर पात्रतानुसार राशन वितरण कराए ,तथा पीडीएस की दुकान प्रतिदिन खुलवाए! तथा शेष ई केवाईसी के कार्य का जल्द से जल्द सत्यापन कर पूर्ण कराए! एसडीएम ममता शाक्य द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को आगामी माह की बैठक में केंद्र प्रभारी,परिवहन कर्ता,प्रशासक व अन्य संबंधित को भी बैठक में बुलाने के निर्देश दिए। पीओएस मशीन इंजीनियर को विक्रेता की मांग अनुसार पिछोर आकर मशीन संबंधी समस्याओं के निराकरण करने के लिए पत्र जारी करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दुकानों के निरीक्षण के निर्देश दिए । तथा वितरण,ई केवाईसी, सीएमहेल्पलाइन में प्रगति नहीं करने पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए ।

# महू विधानसभा में गांव-गांव नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे का भव्य स्वागत हुआ

**महू-इंदौर-**

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया महू विधानसभा में गांव-गांव नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का भव्य स्वागत हुआ।

सर्वप्रथम महू में मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण की उसके बाद ग्राम पलासिया पाटीदार परिसर में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए रूपरेखा बनाई। उसके बाद कोदरिया, पीपलखूंट केसरबयड़ी में स्वागत सम्मान हुआ इस अवसर पर मुख्य रूप से विपिन वानखेड़े, रामलाल पाटीदार, राधेश्याम मुकाती, जीतू ठाकुर, विजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश पटेल, रतनलाल पाटीदार, जुगनू जादवसिंह धनावत, महेश वर्मा, दौलत पटेल, महू कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पप्पू खान, बैकुंठ पटेल, विनोद पटेल, अनूप नेता, जनपद प्रतिनिधि अशोक आंजना, विलीन पाटीदार, कृष्णा भाई जाट, शेखर मालवीय, डॉ नारायण पाटीदार, राधेश्याम झंडेवाले, सुभाष पाटीदार, प्रवीण सोलंकी, नंदकिशोर ठेकेदार, जगदीश पटेल, विष्णु प्रसाद पाटीदार, दिनेश सेठ, विजय पाटीदार, कैलाश बाबूलाल पाटीदार, जगदीश चतुर्भुज पटेल, कृष्णा गोयल, जयराम पटेल, शुभम दरबार, यदुनंदन पाटीदार,रजत पटेल, सद्दाम पटेल, मुजीब मेहर, तगीज मैहर, गौरव शर्मा, शैलेंद्र जाट, अरुण गुर्जर, घनश्याम यादव, रामचंद्र नेताजी, प्रकाश चौधरी, रवि पटेल, रामप्रसाद बारूड़, दिनेश कटारे, विवेकसिंह मीणा, अरविंद गुनावत, सुरेश जाट, मुस्तकीम कुरैशी, फरदीन खान, इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश वर्मा ने किया और आभार आयोजक ओम पटेल ने माना।

# पिछोर में 04 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 61 सहायिकाओं की अनंतिम चयन सूची जारी

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) जिला कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन एवं पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी श्रीमती ममता शाक्य की अध्यक्षता में गठित खंड स्तरीय समिति द्वारा महिला बाल विकास विभाग द्वारा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पदों पर भर्ती प्रक्रिया के दौरान चयन समिति पिछोर द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर अनंतिम सूची जारी की गई, पिछोर सीडीपीओ अरविंद तिवारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पिछोर में आंगनबाड़ी केन्द्रो में 91पदों पर सहायिकाओं की तथा 12 पदों पर कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां किया जाना है।

जिसमें चयन समिति द्वारा 61पदों साहिकायों तथा 12 पदों पर कार्यकर्ताओं की अनंतिम सूची जारी की गई! शेष पदों की सूची चयन समिति के उपरांत जारी की जाएगी! वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की 12 पदों पर नियुक्ति होना है जिसमें चार आंगनवाड़ी पदों पर कार्यकर्ताओं की अनंतिम









सूची जारी की गई है !जिसमें कार्यकर्ताओं में ग्राम वीरा के मजरा बेरघाट में सहरिया आवेदिका सरोज वंदना आदिवासी, हीरापुर (बडेरा) से चंद्रसिखा चौहान, बडेरा आंगनबाड़ी केंद्र से चंद्रसिखा चौहान तथा भौतीं एक से ज्योति कोली को लिया गया है इसके साथ-साथ सहायिकाओं के पदों पर भुजरऊ से सोनम रजक, भोटिका से सोनम रजक, मसूदा से जयंती जाटव,बरियापुरा से सपना आदिवासी, श्यामपुर से निशा आदिवासी, तिलहऊ से मोहिनी राजा चौहान, हिम्मतपुर खोड़ से रोशनी पारस, बारघाट पूरा से वंदना लोधी, श्रीबरी से राजकुमारी आदिवासी,नादिया नयाखेड़ा से पूनम परिहार, बरबटपुरा से भारती देवी पाल, सालोंरा से हेमा साहू, लोहट्टा से रामकटोरी यादव, पडोरा एक से कलावती, लोटनबारा मिनी से मोनिका कोली,सेमर मिनी से दीपा आदिवासी, दुर्गापुर मिनी से कलावती लोधी, पंगापुर मिनी से मुस्कान सेन,पहाड़पुर मिनी से शिवाराजा चौहान,बमेरा मिनी से मीना लोधी, हरीनगर मिनी से प्रियंका जाटव,महुआखेड़ा मिनी से रासपति हरिजन, बंधियापूरा मिनी से राखी आदिवासी, बाजना मिनी से भागवती पाल, हीरापुर मिनी से संध्या परिहार, शाजापुर से वैष्वनी भार्गव, मोटापठार मिनी से रजनी आदिवासी, रामनगर मनपुरा मिनी से लक्ष्मी आदिवासी,लखनपुर मिनी से समीक्षा राजपूत, नंदना मिनी से रंजना जाटव, पारे का ताल मिनी से दीक्षा लोधी, फूलपुर डाडा मिनी से दीक्षा लोधी, बनियापुर प्रतिभा बंशल, सिरसा भरतपुर पिंकी लोधी,भरतपुर इमलिया से पिंकी लोधी,शंकरपुरा नाद से सोनम अहिरवार,शेरपुर विजयपुर से रजनी रजक, मिडिल स्कूल जराय से गायत्री अहिरवार, बाचरोन आदिवासी बस्ती से प्रवेश लोधी, स्टापडेम काली पहाड़ी से कंचन जाटव,आदिवासी बस्ती भरतपुर से पिंकी लोधी, शक्तिपुरा से क्रांति जाटव,नांद दो से प्रियंका लोधी,पहाड़पुर से रजनी रजक,फतेहपुर से पल्लवी पाटेल, बेरघाट से सरोज वंदना आदिवासी,शीतलपुर मिनी से रक्षा राय,सुलारपुर मिनी से शिवानी तोमर, सुलारपुर शहरयाना से उपासना गौर,वीरा दो से सरोज वंदना आदिवासी, शंकरपुरा मिनी से रक्षा लोधी, हरीनगर से प्रियंका जाटव, सिद्धपुरा से दुलारी आदिवासी,भगवा दुर्गापुर मिनी से रश्मि पाल, भौंरी का बडेरा से पूनम शर्मा, रखोरा से यशोधरा लोधी, दुर्गापुर से निधि शर्मा,नीमबरी से पुष्पा लोधी, पटसेरा से सविता यादव,बंधियापुरा मलावनी से खुशी गुप्ता तथा बनियानी से स्वार्थी लोधी का आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर चयन किया गया! अनंतिम चयन सूची उपरांत पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं चयन समिति की अध्यक्षता श्रीमती ममता शाक्य ने जानकारी देते बताया कि वर्तमान में 61सहायिकाओं तथा 04 कार्यकर्ताओं का चयन मेरिट के आधार पर चयन समिति के द्वारा परीक्षण कर अनंतिम सूची जारी की गई है,जो ऑनलाइन पोर्टल पर भी देखी जा सकती है,यह प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी है,इसमें किसी भी प्रकार का कोई भी व्यक्ति लेनदेन करता है तो उसकी सूचना मुझ तक दें! उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन प्रकाशन प्रक्रिया के बाद आवेदक सात दिवस के अंदर अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कर सकता है!

# रक्षा पत्रकारिता
## पारदर्शिता और राष्ट्रीय सुरक्षा में संतुलन' विषय पर विचार गोष्ठी आज

**भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज चेन्नई में। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल**

चेन्नई: भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज चेन्नई में होगी आयोजित।कार्यशाला में "रक्षा पत्रकारिता: पारदर्शिता और राष्ट्रीय सुरक्षा में संतुलन" विषय पर परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे। आज चेन्नई एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का BSPS अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी, राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा, तमिलनाडु राज्य इकाई अध्यक्ष आर चंद्रिका, राष्ट्रीय सचिव काथीवरण, BSPS संस्थापक शाहनवाज हसन, मगध प्रमंडल प्रभारी अजय कुमार, शीबू निगम, जितेंद्र ज्योतिषी, राकेश मिश्रा एवं तमिलनाडु के पत्रकारों ने किया। रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सूचना तक पहुँच के लिए व्यापक रूप से स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बावजूद, जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शिता अपर्याप्त बनी हुई है। राष्ट्रीय सुरक्षा छूटों को अक्सर अस्पष्ट और अपरिभाषित तरीकों से लागू किया जाता है, जिससे सटीक, समय पर



और विस्तृत जानकारी जारी करने में बाधा आती है, जो यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि सरकार कैसे काम कर रही है और जनहित की रक्षा कैसे कर रही है, खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्रों में। इन सभी विषयों पर चेन्नई कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री विस्तार से जानकारी देंगे।

# वकील महिला ने फरियादी को समझौते के लिए दबाब बनाकर पुलिस को दिया झूठा आवेदन

**पुराने विवाद के चलते वकील महिला द्वारा फरियादी पर समझौते के लिए दबाब बना रही थी जिसके चलते भावना सोलंकी ने झूठा आवेदन mg रोड थाने पर दिया आवेदन की जानकारी लगते ही फरियादी mg रोड थाने पहुंची परन्तु वकील महिला वहां नहीं मिली जिसके चलते फरियादी के सीनियर एडवोकेट अनिल ओझा**



**जी ने बताया की मेरी फरियादी को जबरदस्ती परेशान किया जा रहा है।**

**राजीनामे के लिए दबाव बनाकर झूठे आवेदन के नाम से डराया जा रहा है जिसकी मे जाँच करवाऊंगा ।सूत्रों की जानकारी के अनुसार फरियादी पक्ष ने भावना सोलंकी की सनत रद्द करने की मांग की है।**

# भोपालMD ड्रग्स के बाद भोपाल स्टेशन से 24 किलो हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ाई...

DRI ने ऑपरेशन वीड आउट के तहत कार्रवाई की... DRI ने कुल 72 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया, कीमत लगभग 72 करोड़ है... 20 अगस्त को बेंगलुरु और भोपाल जंक्शन पर यात्रियों की जांच के दौरान गांजा बरामद हुआ... बेंगलुरु में 29.88 किग्रा हाइड्रोपोनिक गांजा मिला, जो दिल्ली के लिए राजधानी ट्रेन में ले जाया जा रहा था... भोपाल में 24.186 किग्रा गांजा बरामद हुआ, जो 19 अगस्त को बेंगलुरु से दिल्ली के लिए राजधानी ट्रेन में भेजा गया था.... नई दिल्ली में सिंडिकेट के सहयोगी मास्टरमाइंड को ट्रेस किया गया और उसके कब्जे से 1.02 करोड़ की नकदी जब्त की गई... थाईलैंड से लौटे एक यात्री को बेंगलुरु में होटल से पकड़ा गया, और उसके पास से 17.958 किग्रा हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ... कुल मिलाकर 72.024 किग्रा हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 72



करोड़ आंकी गई, 1.02 करोड़ की नगदी भी बरामद की गई है. इस मामले में सभी पांच यात्री और सहयोगी मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया गया हैं... इसके पहले DRI ने भोपाल के जगदीशपुर में एक MD ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ा था...

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नाली निर्माण। क्षेत्रीय आम जनमानस ने सड़क पर उतर की नारेबाजी

**नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 में उस समय दर्जनों लोग सड़क पर उतर प्रदर्शन करने लगे जब नाली निर्माण के ऊपर रखी पटिया उठाए जाने मात्र से ही भरभरा के बिखरने लगी।**

क्षेत्रीय दीपनारायण शुक्ला ने आरोप लगाते हुए कहा कि नव्या कंस्ट्रक्शन के द्वारा जोन 3 स्थित दामोदर नगर के वृद्धाश्रम से राजकुमार शर्मा के निवास तक नाली निर्माण किया जा रहा था किन्तु भ्रष्टाचार में संलिप्त ठेकेदार के द्वारा मानक के विपरित घटिया सामग्री लगाए जाने से पटिया उठाते समय चकनाचूर हो गई। ठेकेदार से शिकायत करने पर ठेकेदार आगबबूला हो रौब दिखाने लगा दीप नारायण के मुताबिक ठेकेदार को किसी राजनैतिक नेता का संरक्षण प्राप्त है जिससे उसे किसी बात की परवाह नहीं हो रही। घटिया सामग्री से निर्माण की सूचना फैलते ही दर्जनों क्षेत्रीय आम जनमानस एकत्रित हो ठेकेदार



के खिलाफ नारेबारी करने लगे। सूचना पर पहुंचे पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने विश्वास दिलाया कि नगर निगम एवं महापौर के द्वारा कराए जा रहे कार्यों में लापरवाही तथा भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त किया जाएगा। मौके पर ही पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने आलाधिकारियों से इस बाबत वार्ता की तब कही जाकर क्षेत्रीय शांत हुए। पार्षद योगेन्द्र शर्मा के मुताबिक वह विगत वर्षों से संपूर्ण वार्ड के विकास के लिए समर्पित हो कार्य कर रहे हैं किंतु कुछ ठेकेदार ज्यादा पैसे बनाने की चाह में सीमेंट की जगह डस्ट का इस्तेमाल कर नगर निगम तथा आम जनता को ठगने का कार्य कर रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान दीप नारायण शुक्ला संजीव शर्मा वी के विश्नोई पी के विश्नोई सचिन हरीश वरुण शुक्ला देवकांत ओझा लालमन ओझा प्रखर शुक्ला सौरभ सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# बुनियादी शिक्षा में बड़ा बदलाव- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल से एमपी के 83 हजार स्कूलों में बनेगी शाला प्रबंधन समितियां

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बुनियादी शिक्षा को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के करीब 83 हजार स्कूलों में 29 अगस्त को एक साथ शाला प्रबंधन समितियों का गठन किया जाएगा। इन समितियों में अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर स्कूलों के विकास तक की नई रूपरेखा तय करेंगे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गठित की जा रही ये समितियां स्कूलों के बेहतर संचालन और निगरानी के लिए काम करेंगी। इन समितियों की सबसे बड़ी



भूमिका बच्चों के नामांकन बढ़ाने, उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने, मिड-डे मील की गुणवत्ता पर नजर रखने और स्कूलों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की देखरेख करना होगा। मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे शाला प्रबंधन समितियों के गठन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी करें और यह सुनिश्चित करें कि इसमें अधिक से अधिक पेरेंट्स की भागीदारी हो। इस कदम से न केवल स्कूलों का प्रबंधन मजबूत होगा बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर स्कूलों के संचालन में हिस्सा लेंगे तो बच्चों की पढ़ाई पर सकारात्मक असर पड़ेगा और स्कूलों का समग्र विकास तेज गति से आगे बढ़ सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह नवाचार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। यह पहल आने वाले समय में मध्य प्रदेश को बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में एक नया और सशक्त मॉडल प्रदान करेगी।

# अल्पसंख्यकों की संस्थाओं पर भाजपा का तानाशाही हमला बंद हो : मुकेश नायक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा है कि प्रदेश में चुन-चुनकर अल्पसंख्यक समुदाय की संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को झूठे आरोपों और मनगढ़ंत मुकदमों के सहारे निशाना बनाया जा रहा है। यह भाजपा सरकार की सोची-समझी राजनीतिक साज़िश है, जिसका उद्देश्य समाज को बाँटना और लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करना है। श्री नायक ने विशेष रूप से आरिफ मसूद जी के महाविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब मैंने स्वयं नियमों को शिथिल करते हुए आरिफ मसूद को महाविद्यालय खोलने की अनुमति दी थी। उस समय अनेक महाविद्यालयों को भी भवन, ज़मीन या एफडी न होने के बावजूद मान्यता प्रदान की गई थी ताकि शिक्षा का प्रसार हो सके और गरीब बच्चों को अवसर मिल सके। आरिफ मसूद के विश्वविद्यालय में 300 से अधिक गरीब छात्र निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही दस्तावेज़ गायब कर दिए और झूठे आरोप लगाकर संस्था को बंद कर दिया। यह दुर्भाग्य है कि सिर्फ अल्पसंख्यक होने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने



आगे कहा जब आरिफ मसूद जी को जनता की अदालत में नहीं हरा सके, तब भाजपा ने राजनीतिक और सामाजिक हथकंडे अपनाकर उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास शुरू कर दिया।

## अन्य उदाहरण भी सामने आए हैं

दमोह मिशन अस्पताल

कोरोना काल में हज़ारों गरीब मरीजों का निशुल्क उपचार करने वाले इस अस्पताल को झूठे आरोप लगाकर बंद कर दिया गया।

गंगा-जमुना संस्थान (जलील बडडे परिवार)

पूरे परिवार पर झूठे मुकदमे लादकर उनका स्कूल और व्यापार जबरन समाप्त कर दिया गया।

रज़्ज़ाक खान (जबलपुर)

72 वर्षीय वरिष्ठ व्यापारी को तीन वर्षों से बिना अपराध साबित हुए जेल में ठूँस दिया गया। जैसे ही उन्हें ज़मानत मिलती है, नए झूठे मामले गढ़कर उन्हें जेल से निकलने नहीं दिया जाता।

श्री नायक ने कहा कि भाजपा सरकार का यह चेहरा अल्पसंख्यकों को डराने, उनकी संस्थाएँ समाप्त करने और उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से कमज़ोर करने की साज़िश है। यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही है। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि इस तरह के राजनीतिक प्रतिशोध और संस्थाओं के दमन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरी कांग्रेस पार्टी आरिफ मसूद जी के साथ खड़ी है। निर्दोष लोगों और संस्थानों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। लोकतंत्र और संविधान को कुचलने वाली भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को जनता माफ नहीं करेगी।

# सीधी में भीषण सड़क हादसा- दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, तीन गंभीर



**सीधी।** जिले में भीषण सड़क हादसा निकलकर सामने आया है जहां तेज रफ्तार दो बाइक चालक आपस में टकरा गए जिसकी वजह से हादसे में तीन लोगों को गंभीर चोट लगी जिन्हें सीधी जिले के जिला अस्पताल में गंभीर व्यवस्था में भर्ती कराया गया है जहां पर उपचार चल रहा है. दरअसल पूरा मामला सीधी जिले के ग्राम उपनी से निकलकर सामने आ रहा है जहां सीधी सिंगरौली मार्ग पर तेज रफ्तार दो बाइक चालक आपस में टकरा गए जिसकी वजह से हादसे में तीन लोगों को गंभीर चोट लगी जिन्हें सीधी जिले के जिला अस्पताल में 108 वाहन की मदद से भर्ती कराया गया जहां पर उपचार चल रहा है बता दें कि यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के द्वारा एंबुलेंस वाहन को सूचना दी गई और सभी घायल व्यक्तियों को सीधी जिले के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया बताने की गंभीर चोट लगने की वजह से गंभीर अवस्था में उपचार जारी है. इस पूरे मामले को लेकर अस्पताल चौकी पुलिस के द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना की जा रही है और आगे की कार्यवाही में पुलिस छुट्टी हुई है पुलिस के द्वारा जानकारी देकर बताया गया है कि तेज रफ्तार की वजह से या हादसा हुआ है.

# मध्यप्रदेश में मानसून की जोरदार दस्तक- 25 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, भोपाल सहित कई हिस्सों में बरस रहे बादल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर जोर पकड़ चुका है और झमाझम बारिश ने पूरे प्रदेश को भिगो दिया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 25 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें धार, उज्जैन और श्योपुर जैसे जिलों में अतिभारी वर्षा की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है, जबकि राजगढ़, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास और शाजापुर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसका मतलब है कि अगले कुछ घंटों में यहां गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस समय मध्यप्रदेश पर दो बड़े मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं। पहला, मानसून ट्रफ लाइन सीधे प्रदेश के ऊपर से गुजर रही है, जिसकी वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो रही है। दूसरा, पश्चिमोत्तर मध्यप्रदेश में चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है, जो बारिश को और तेज कर रहा है। यही कारण है कि भोपाल सहित कई जिलों में सुबह से बूंदाबांदी और रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी भोपाल में सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की बारिश हो रही है, वहीं इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों में भी लगातार वर्षा का दौर जारी है। कई जगहों पर खेतों में पानी भरने लगा है तो निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 16 जून को मानसून ने मध्यप्रदेश में दस्तक दी थी। इसके बाद से अब तक प्रदेश में औसतन 33.1 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है, जबकि सामान्य तौर पर इस समय तक 27 इंच बारिश होना चाहिए थी। इस तरह प्रदेश में अब तक 6.1 इंच अधिक वर्षा हो चुकी है। यदि तुलना करें तो मध्यप्रदेश में औसत 37 इंच बारिश मानी जाती है और इस सीजन में अभी तक 89 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश जहां खरीफ फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी, वहीं लगातार हो रही भारी वर्षा से कुछ इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति भी बन सकती है। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की है।

# मैहर में शर्मनाक घटना- शराबी प्रिंसिपल ने नाबालिग को पीटा, छात्रा का दांत टूटा

**मैहर।** प्रिंसिपल ने छात्रा को बुरी तरह पीटा, दांत टूटाः बच्चे पुलिस से बोले- नशे में स्कूल आते हैं सर इतना मारते हैं कि बेहोश हो जाते हैं बच्चे मैहर सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने एक छात्रा को इतना पीटा कि उसका दांत टूट गया.स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का आरोप है कि प्रिंसिपल नशे में स्कूल आते हैं.वे स्कूल में भी शराब और गांजा का सेवन करते हैं। इसके बाद छात्र-छात्राओं से मारपीट करते हैं. मामला शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय उमरी फिफरी का है.गुरुवार को स्कूल पहुंची कक्षा पांचवी की छात्रा अंशिका प्रजापति को प्रिंसिपल शिवराज सिंह बघेल ने बुरी तरह से पीटा था.खून से लथपथ छात्रा जब घर पहुंची तो परिजन ने नादन देहात थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई.'जातिगत भेदभाव करते हैं'. पीड़ित छात्रा अंशिका और अन्य छात्राओं ने बताया, प्रिंसिपल हमें बहुत मारते हैं.समय पर स्कूल भी नहीं आते.जब आते हैं शराब के नशे में होते हैं.वो गांजा भी पीते हैं.फिर सारा गुस्सा हम पर उतार देते हैं.जातिगत भेदभाव भी करते



हैं.कई बार मारपीट इतनी होती है कि बच्चे घंटों बेहोश रहते हैं.

## थाने में दांत जमा कराया

मिरा प्रजापति ने बताया, प्रिंसिपल ने मेरी बेटी से मारपीट की है, जिससे उसका दांत टूट गया.हम दांत थाने लेकर आए और जमा करा दिया.सर, लड़कियों को परेशान करते हैं.बच्चों से मारपीट की घटना पांच-छह बार हो चुकी है.बच्चियां बेहोश तक हो जाती हैं, उन्हें एक दो घंटे में होश आता है.रिपोर्ट के आधार पर और धाराएं जोड़ेंगे नादन देहात थाना प्रभारी कमल नारायण बंजारे ने बताया कि प्रिंसिपल के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.छात्राओं का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है.रिपोर्ट के आधार पर अन्य धाराएं भी जोड़ी जाएंगी.

# भाजपा में बड़ा बदलाव- अब लागू होगा 'एक व्यक्ति, एक पद' का फार्मूला, जल्द घोषित होगी कार्यकारिणी और निगम-मंडलों की नियुक्तियां

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी में इस बार संगठनात्मक ढांचे और निगम-मंडलों की नियुक्तियों को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पार्टी ने तय किया है कि अब ÷एक व्यक्ति, एक पद÷ का फार्मूला लागू किया जाएगा। यानी कोई भी नेता या कार्यकर्ता एक समय में केवल एक ही जिम्मेदारी संभालेगा। इससे संगठन में व्यापक स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांटने का मौका मिलेगा और अधिक से अधिक लोगों को कार्य में भागीदारी दी जा सकेगी। सूत्रों के अनुसार, भोपाल में पर्यवेक्षकों ने कार्यकारिणी और निगम-मंडलों के पदों को लेकर प्राप्त लिफाफों को खोलने और सूची तैयार करने



का काम शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया की आधिकारिक घोषणा माह के अंत तक कर दी जाएगी। पहली बार भाजपा ने जिलों की कार्यकारिणी के लिए रायशुमारी की प्रक्रिया अपनाई है, जिसमें हर वरिष्ठ और जूनियर नेता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में संगठन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी वरिष्ठ नेता जिम्मेदारी से वंचित न रहे। साथ ही कार्यकारिणी में युवाओं के जोश और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का संतुलन भी देखने को मिलेगा। पर्यवेक्षकों द्वारा जमा कराए गए लिफाफों की सूचियों को वोटों के आधार पर घटते क्रम में तैयार किया जा रहा है और उसके आधार पर कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। भाजपा में फिलहाल 48 निगम-मंडल खाली पड़े हैं, जिन पर राजनीतिक नियुक्तियां की जानी हैं। माना जा रहा है कि नियुक्तियों की शुरुआत निगम-मंडलों से ही होगी। इस बार खास बात यह है कि निगम-मंडलों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में वे ही चेहरे सामने आएंगे जो पहले इस पद पर नहीं रहे हैं। यानी पुराने चेहरों को रिपीट करने की संभावना बहुत कम है। सूत्रों का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को बेहद गोपनीय रखा गया है और भोपाल स्थित पार्टी कार्यालय में भी अभी कोई स्पष्ट सुगबुगाहट नहीं है। संगठन और सत्ता के बीच तालमेल बनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिम्मेदारियों का बंटवारा पारदर्शी और संतुलित ढंग से हो।

**इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट पर जोर,**


# अफसरों ने किया ट्रॉली रन, एमडी बोले बारिश में भी नहीं थमेगा काम, उज्जैन तक मेट्रो की डीपीआर भी बनेगी



**इंदौर।** शहर में मेट्रो ट्रेन का संचालन सुचारू करने और निर्धारित समयसीमा में काम पूरा करने के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन अब पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। शुक्रवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का जायजा लेते हुए 11 किलोमीटर लंबे हिस्से में ट्रॉली रन किया। इस मौके पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षाकाल के दौरान भी प्रोजेक्ट का काम रुकना नहीं चाहिए। निगम का फोकस फिलहाल 17 किलोमीटर लंबे हिस्से का काम जल्द से जल्द पूरा करने पर है ताकि यहां तक मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू किया जा सके। फिलहाल सात किलोमीटर के ट्रैक पर मेट्रो चल रही है, लेकिन यात्री नहीं मिलने की वजह से इसका उपयोग सीमित है। एमडी ने अफसरों को निर्देश दिए कि आने वाले छह माह के भीतर रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का ट्रायल रन हर हाल में होना चाहिए। उन्होंने मेट्रो स्टेशन के अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विजय नगर, मेघदूत गार्डन, बापट चौराहा और चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा चौराहे के मेट्रो स्टेशनों का दौरा कर काम की प्रगति देखी। इसके अलावा गांधी नगर डिपो में जाकर ट्रेन रखरखाव से जुड़े तकनीकी सेटअप और कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जरूरत के हिसाब से स्टाफ बढ़ाने के निर्देश भी दिए। दौरे के बाद एमडी ने अधिकारियों और ठेकेदार एजेंसियों के साथ बैठक कर स्पष्ट कहा कि निर्धारित समयसीमा में काम पूरा होना चाहिए, इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी बीच इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी को लेकर भी अहम प्रगति सामने आई है। 45 किलोमीटर लंबे इस प्रस्तावित रूट का सर्वे पूरा हो चुका है और रिपोर्ट अफसरों को सौंप दी गई है। अनुमान है कि इस रूट के निर्माण पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये का खर्च आएगा। अब इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इस रूट पर कुल 11 स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं और उज्जैन में चार किलोमीटर का हिस्सा भूमिगत (अंडरग्राउंड) बनाने की योजना है।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि मुख्यमंत्री की इच्छा है कि सिंहस्थ से पहले इंदौर-उज्जैन मेट्रो का काम पूरा हो जाए, लेकिन फिलहाल यह लक्ष्य मुश्किल माना जा रहा है। वजह यह है कि केवल डीपीआर तैयार होने में ही छह माह से अधिक का समय लग जाएगा और इसके बाद निर्माण कार्य की शुरुआत होगी। ऐसे में तीन साल के भीतर पूरे प्रोजेक्ट को खड़ा कर पाना संभव नहीं दिख रहा है। इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर यह सक्रियता बताती है कि शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बड़े स्तर पर बदलने की तैयारी है। आने वाले समय में यह परियोजना न केवल इंदौर बल्कि उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को भी नई दिशा देगी।

# रामबाग मुक्तिधाम में सनसनी- बुजुर्ग के तीसरे पर जले अवशेष गायब, सिर लापता मिलने से तंत्र क्रिया की आशंका गहराई



**इंदौर।** शहर के रामबाग मुक्तिधाम से एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। रानी सती गेट क्षेत्र के रहने वाले जैन समाज के एक बुजुर्ग की मौत ब्रेन हेमरेज से हुई थी और परिजनों ने कल उनका अंतिम संस्कार रामबाग मुक्तिधाम में किया था। आज जब परिवारजन तीसरे की रस्म के लिए मुक्तिधाम पहुंचे तो वहां पर उन्हें अपने स्वजन के जले हुए अवशेष नहीं मिले। सबसे बड़ी बात यह है कि बताया जा रहा है कि शव का सिर भी गायब है। परिजनों ने जब मुक्तिधाम के कर्मचारियों से इस गंभीर विषय पर सवाल किया तो उनकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उल्टा कर्मचारी जवाब देने के बजाय इधर-उधर भागते नजर आए। इसी बीच मौके पर शराब की बोतलें और पूजा-पाठ का सामान भी मिला है, जिससे यह आशंका और गहराने लगी है कि कहीं यहां तंत्र क्रिया जैसी संदिग्ध गतिविधि तो नहीं हुई। परिजनों ने इसे लेकर गहरी नाराज़गी जताई और कहा कि मुक्तिधाम जैसी जगह पर अगर मृतक के अवशेष भी सुरक्षित न रह पाएं तो यह बेहद गंभीर लापरवाही है। मृतक की मौत परसों हुई थी और कल ही उनका अंतिम संस्कार किया गया था, लेकिन महज एक दिन बाद ही अवशेषों का इस तरह गायब होना कई सवाल खड़े कर रहा है। इस मामले पर रामबाग मुक्तिधाम के प्रबंधक सुधीर दांडेकर का कहना है कि उनके कर्मचारी शाम 6 बजे तक ड्यूटी पर रहते हैं। उसके बाद मुक्तिधाम की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। ऐसे में रात में हुई गतिविधियों के लिए वे जिम्मेदार नहीं ठहराए जा सकते। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब समाज के लोग भी जांच की मांग कर रहे हैं। मृतक के परिजनों का कहना है कि जब तक पूरे घटनाक्रम की तह तक जाकर यह साफ नहीं किया जाता कि आखिर जले हुए अवशेष और शव का सिर कहां गया, तब तक उनकी पीड़ा कम नहीं होगी। इस घटना ने मुक्तिधाम की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

# चंदन नगर की गलियों के नाम बिना अनुमति बदलने पर हंगामा, पार्षद पर एफआईआर

**इंदौर।** शहर के पश्चिमी इलाके चंदन नगर में लगे धर्म विशेष के साइन बोर्ड को लेकर फिर बवाल मच गया। नगर निगम की अनुमति के बिना लगे इन बोर्ड को लेकर महापौर ने नाराजगी जताई और इन्हें हटाने के साथ दोषियों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए। साइन बोर्ड के खिलाफ विरोध बढ़ता देख निगम ने यह कार्रवाई की। यहां स्थानीय पार्षद ने गलियों और सड़कों के नाम बदलकर वहां नए बोर्ड लगवाए थे। इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया। चंदन नगर क्षेत्र की सड़कें दशकों से चंदू वाला रोड, लोहा गेट रोड, मिश्रा रोड, आम वाला रोड नाम से पहचानी जा रही हैं। हाल ही में इन सड़कों के नाम बदलकर नए बोर्ड लगा दिए गए। इसमें



चंदू वाला रोड को गौसिया रोड, लोहा गेट को रजा गेट, मिश्रा रोड को ख्वाजा रोड और आम वाला रोड को हुसैन रोड बताया गया। पार्षद फातिमा रफीक खान द्वारा नगर निगम की अनुमति लिए बिना ही गोसिया रोड, सकीना मंजिल, रजा गेट और ख्वाजा गेट नाम से बोर्ड लगाए थे। यह कार्रवाई निगम की अनुमति और एमआईसी के प्रस्ताव के बिना की गई, जबकि ऐसी किसी भी कार्रवाई से पहले एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव पास किया जाता है। मामला सामने आने के बाद पूर्व विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करेंगे। आकाश विजयवर्गीय ने इसे संवेदनशील मुद्दा बताते हुए कहा कि बिना अनुमति के ऐसे नामकरण और बोर्ड लगाना कानून के खिलाफ है।

# पति को मुस्लिम बनने पर मजबूर किया जिला कोर्ट ने बहू पर एफआईआर की

**इंदौर।** जिला कोर्ट में अनोखा मामला सामने आया है। इसमें हिंदू बहू ने पति को मुस्लिम धर्म अपनाने पर मजबूर किया। जब पति नहीं माना तो उस प्रताड़ित किया। मामले में कोर्ट ने बहू के खिलाफ घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि मरी माता क्षेत्र की युवती का विवाह अप्रैल 2022 में एरोड्रम इलाके के युवक से हुआ था। महिला विवाह के बाद केवल 15-20 दिन ही ससुराल में रही। इस दौरान वह ससुराल में ही अपने मुस्लिम मित्रों के प्रभाव में आकर मुस्लिम धर्म की इबादत करने लगी। ससुराल वालों का आरोप है कि बहू दरगाह जाकर ताबीज, भभूत और फल लाकर जबरदस्ती पति को खिलाने लगी। जब धर्म परिवर्तन के लिए पति ने मना किया तो महिला ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की धमकी दी।

**पति और सास पर दबाव-** ससुराल वालों ने बताया कि एक दिन बहू ने अपनी अलमारी से सभी जेवर निकाल लिए और कहा कि वह अल्लाह के सजदे में जा रही है। उसने पति से भी साथ चलने का दबाव बनाया। इसके बाद 17 मार्च 2024 को महिला अपने मायके वालों और दोस्तों के साथ ससुराल आई और 10 लाख रुपए की मांग की। इसी दौरान उसने पति को धर्म बदलने का दबाव बनाकर धमकाया।

# 28 बॉल में 102 रन... मारे 10 छक्के

## इंग्लैंड के दो बल्लेबाजों ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीता अंबानी की टीम इस समय इंग्लैंड में धमाल मचा रही है. उसने द हंड्रेड लीग में जीत का पंजा लगा लिया है और पॉइंट्स टेबल के टॉप पर बनी हुई है. इस लीग के 23वें मुकाबले में नीता अंबानी की टीम ओवल इनविंसिबल्स एक समय काफी मुश्किल में फंसी हुई थी. टीम को जीत के लिए 40 गेंदों में 102 रन बनाने थे, लेकिन इंग्लैंड के दो बल्लेबाजों ने केवल 28 गेंदों में ही मैच को खत्म करके इतिहास रच दिया. इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 10 छक्के जड़े.

इससे 11 गेंद शेष रहते नीता अंबानी की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर ली. द हंड्रेड लीग के 23वें मुकाबले में ट्रेंट रॉकेट्स ने 100 गेंद में सात विकेट पर 171 रन बनाए. 172 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीता अंबानी की टीम ओवल इनविंसिबल्स की ने धीमी शुरुआत की, लेकिन जॉर्डन कॉक्स और सैम करन के मैदान पर आते ही रनों की बारिश होने लगी. इन दोनों बल्लेबाजों ने 42 गेंदों 96 रन जोड़कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया. अंत में कॉक्स और डोनोवन फरेरा



(14) ने तेजी से रन बनाते हुए 11 गेंद शेष रहते टीम को 6 विकेट से जीत दिला दी. 24 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने 32 गेंदों में 4 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए. सैम करन ने केवल 24 गेंदों में 6 छक्के और 2 चौकों की मदद से 54 रनों की तेज पारी खेली. ट्रेंट रॉकेट्स की ओर से रेहान अहमद ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए. डेविड विली और बेन सैंडरसन को एक-एक विकेट मिला. इससे पहले ट्रेंट रॉकेट्स ने ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ तेज शुरुआत की.

### ➢ ट्रेंट रॉकेट्स ने की तेज शुरुआत

ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रेंट रॉकेट्स ने तेज शुरुआत की. टॉम बैंटन (9) और जो रूट ने पहले विकेट के लिए केवल 28 गेंदों में 55 रन जोड़ दिए. टॉम बैंटन के आउट होने के बाद रूट ने रेहान अहमद (28) के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम का स्कोर 100 रन के पार कर दिया. इसके बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई, लेकिन एक छोर से जो रूट तेजी से रन बनाते रहे. उन्होंने 41 गेंदों में 11 चौके और 1 छक्का की मदद से 76 रनों की पारी खेली. अंत में जॉर्ज लिंडे ने 8 गेंदों में 1 चौका और 3 छक्के की मदद से तेजी से 25 रन बनाए, जिसकी मदद से ट्रेंट रॉकेट्स ने 100 गेंद में 7 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया. ओवल इनविंसिबल्स की ओर से राशिद खान और टॉम करन ने दो-दो विकेट लिए. जेसन बेहरेनडॉर्फ और नाथन सॉटर को एक-एक विकेट मिला.

### यूपी टी-20 लीग:



## 15 चौके-छक्के... रिंकू सिंह ने 45 गेंदों में ठोका शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रिंकू सिंह का तूफान देखने को मिला. उन्होंने केवल 45 गेंदों में 225 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए तूफानी शतक ठोककर अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी. इस दौरान उन्होंने 8 छक्के और 7 चौके लगाए. एक समय 38 रनों पर चार विकेट गंवा चुकी मेरठ माविरक्स को कप्तान रिंकू सिंह ने मुश्किल से निकाला और सात गेंद शेष रहते टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई.

रिंकू सिंह ने इस दौरान मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाकर एशिया कप से पहले अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा दी है. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में यूपी टी20 लीग का नौवां मैच गोरखपुर लायंस और मेरठ माविरक्स के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर लायंस ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 167 रन बनाए. 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ माविरक्स की शुरुआत काफी खराब रही और उसके चार बल्लेबाज केवल 38 रन पर आउट हो गए.

### विश्व कुश्ती चैंपियनशिप:

# अंडर-20 कुश्ती चैंपियनशिप में काजल स्वर्ण के लिए खेलेंगी



**समोकोव (बुल्गारिया), एजेंसी।** स्वप्निल शशांक युवा भारतीय पहलवान काजल ने दो बड़े स्कोर वाली जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिलाओं के 72 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि श्रुति और सारिका सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैंपियन और 2024 कैडेट विश्व चैंपियन काजल ने अपने तीन मुकाबलों में दो बार दोहरे अंक हासिल किए।

उन्होंने एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 15-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की। इसके बाद किर्गिस्तान की कैयरकुल शारशेबायेवा को क्वार्टर फाइनल में 7-0 से हराकर एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अमेरिका की जैस्मीन डोलोरेस रॉबिन्सन के खिलाफ काजल ने 13-6 से जीत दर्ज की। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की, लेकिन वह जापान की रिना ओगावा की बराबरी नहीं कर सकीं और सेमीफाइनल तकनीकी श्रेष्ठता से हार गईं।

सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की, पर सेमीफाइनल में वह यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह अर्मेनिया के युरिक मखितार्यन से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए जिससे अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए लेकिन रेपेचेज के जरिये कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए हैं। रीना (55 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) फाइनल में पहुंच चुकी हैं। दोनों दिन के अंत में स्वर्ण पदक मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। तपस्या (57 किग्रा) पहले ही स्वर्ण और सृष्टि (68 किग्रा) रजत पदक जीत चुकी हैं।

# एशिया कप से बाहर, अब BBL के जरिए टी20 क्रिकेट में वापसी करना चाहेंगे बाबर आजम

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के सुपरस्टार और सिडनी सिक्सर्स के लिए खेल चुके बाबर आजम को अगर इस प्रारूप में एक और अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना है तो बिग बैश लीग का इस्तेमाल अपनी टी20 बल्लेबाजी सुधारने के लिए करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के



बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। इस प्रारूप में देश के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होने के बावजूद बाबर को अगले महीने यूएई में होने वाले टी20 एशिया कप के लिए नहीं चुना गया।

पाकिस्तान के कोच माइक हेसन ने कहा कि बीबीएल सिक्सर्स के इस बहुमूल्य खिलाड़ी के लिए अपनी स्ट्राइक रेट बढ़ाने और स्पिन के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी को निखारने का एक मौका था। हेसन ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और अपने स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है। बाबर जैसे खिलाड़ी के पास क्रम में खेलने और टी20 में यह दिखाने का मौका है कि वह इन क्षेत्रों में सुधार कर रहा है। ये वो चीजें हैं जिन पर वह वाकई कड़ी मेहनत कर रहा है।

वह इतना अच्छा खिलाड़ी है कि उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बाबर ने 128 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 129.22 के स्ट्राइक रेट से 4223 रन बनाए हैं। उनके रिकॉर्ड में 39 इनिंग्स में पाकिस्तान के लिए 50 प्लस का स्कोर बनाया है। 2023 में सिर्फ 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर बाबर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 146.06 का स्ट्राइक रेट हासिल किया। हालांकि पिछले साल इनमें से 24 मैच खेलने के बाद 2024 के लिए बाबर का स्ट्राइक रेट घटकर 133.21 रह गया। हेसन ने बाबर की वापसी की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया है, लेकिन पाकिस्तानी कोच ने स्वीकार किया कि टीम प्रबंधन ने उन खिलाड़ियों को चुनने पर ध्यान केंद्रित किया है जिन्होंने देश की हालिया टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, साहिबजादा फरहान ने छह मैच खेले हैं और तीन बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता है। इस समय हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, उन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया में बाबर ने 13 टी20आई मैच खेले हैं और 114.85 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 286 रन बनाए हैं।

हालांकि सिडनी सिक्सर्स के सभी प्रशंसकों का आत्मविश्वास बढ़ाने वाली बात यह है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के इस दिग्गज खिलाड़ी को कुछ सफलता मिली है।



# क्या होता है अश्वमेघ यज्ञ

**अश्वमेध या अश्वमेघ यज्ञ के बारे में कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं। आखिर जानते हैं कि यह यज्ञ क्या होता है और क्यों इसके अश्व अर्थात घोड़े को छोड़ा जाता है राज्य की सीमाओं के बाहर। यहां प्रस्तुत है अश्वमेघ यज्ञ के बारे में संक्षिप्त और सामान्य जानकारी।**

## पंच यज्ञ

वेदानुसार यज्ञ पांच प्रकार के होते हैं– 1. ब्रह्मयज्ञ, 2. देवयज्ञ, 3. पितृयज्ञ, 4. वैश्वदेव यज्ञ, 5. अतिथि यज्ञ। इसमें देवयज्ञ अग्निहोत्र कर्म संपन्न होता है। अग्निहोत्र यानी अग्नि के द्वारा। इसी प्रकार में हम अश्वमेध यज्ञ को रख सकते हैं।

## अश्वमेध का अर्थ

अश्व का अर्थ घोड़ा और मेध का अर्थ बलि, हवि और यज्ञ होता ह। जब हम पंचबलि की बात करते हैं तो उसमें गाय, कौवे, कुत्ते, चींटी और देव को अन्न दान करते हैं उनका वध नहीं करते हैं। उसी तरह अश्व का वध नहीं होता है।

## अश्वमेध यज्ञ क्या है

प्राचीनकाल में कोई भी राजा चक्रवर्ती राजा यानी संपूर्ण धरती का भारतखंड का राजा बनने के लिए अश्वमेध यज्ञ करता था जिसमें देवयज्ञ करने के बाद अश्व की पूजा करके अश्व के मस्तक पर जयपत्र बांधकर उसके पीछे सेना को छोड़कर उसे भूमंडल पर छोड़ दिया जाता था। जहां-जहां वह घोड़ा जाता था वहां तक की भूमि उस राजा के अधीन हो जाती थी। यदि किसी भूमि का अधिपति या राजा यज्ञकर्ता राजा की अधीनता स्वीकार नहीं करता था तो वह अश्व को बंदी बना लेता था। तब उस राजा के साथ अश्वमेध करने वाले राजा की सेना का युद्ध होता था। प्राय- यह यज्ञ वही राजा करता था जिसे अपनी शक्ति और विजय पर भरोसा होता था।

## बंदीकर्ता को करना होता था युद्ध

अश्व को बंदी बनाने वाले को पराजित कर तथा घोड़े को छुड़ाकर अश्वमेध यज्ञकार्त राजा की सेना आगे बढ़ती जाती थी। कई जगहों पर उसे युद्ध का सामना करना पड़ता और कई जगहों पर उस राज्य के राजा युद्ध किए बिना ही समर्पण कर देते थे।

## आध्यात्मिक प्रयोग

अश्वमेध यज्ञ को कुछ विद्वान एक राजनीतिक और कुछ विद्वान इसे आध्यात्मिक प्रयोग मानते हैं। कहा जाता है कि इसे वही सम्राट कर सकता था, जिसका अधिपत्य अधिकतर नरेश मानते थे।

## वैदिक रीति से ही होता था यज्ञ

कालांतर में यह यज्ञ जो नरेश जिस समाज से संबंध रखता था उस समाज की रीति के अनुसार करता था। इसके कारण इस यज्ञ को करने में कई बुरी परंपराएं भी जुड़ गई। वैदिक रीति से किया गया यज्ञ ही धर्मसम्मत माना गया है।

## कब होता था यज्ञ

यज्ञ का प्रारम्भ बसन्त अथवा ग्रीष्म ऋतु में होता था तथा इसके पूर्व प्रारम्भिक अनुष्ठानों में प्राय- एक वर्ष का समय लगता था। इस बीच नगर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्सव होते थे।

## अश्व के लौटने की पूरा नगर करता था प्रतिक्षा


यज्ञ करने के बाद अश्व को स्वतन्त्र विचरण करने के लिए छोड़ दिया जाता था। जिसके पीछे यज्ञकर्ता राजा की सेना होती थी। जब यह अश्व दिग्विजय यात्रा पर जाता था तो स्थानीय लोग इसके पुनरागमन की प्रतिक्षा करते थे।

## अश्व खो भी जाता था

इस अश्व के चुराने या इसे रोकने वाले नरेश से युद्ध होता था। यदि यह अश्व खो जाता तो दूसरे अश्व से यह क्रिया पुन- आरम्भ की जाती थी।

## क्या मिलता है इसका फल

यह यज्ञ चक्रवर्ती सम्राट बनने के लिए किया जाता था। परंतु कहते हैं कि अश्वमेध यज्ञ ब्रह्म हत्या आदि पापक्षय, स्वर्ग प्राप्ति एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए भी किया जाता था। कुछ विद्वान मानते हैं कि अश्वमेध यज्ञ एक आध्यात्मिक यज्ञ है जिसका संबंध गायत्री मंत्र से जुड़ा हुआ है। श्रीराम शर्मा आचार्य कहते हैं कि अश्व समाज में बड़े पैमाने पर बुराइयों का प्रतीक है और मेधा सभी बुराइयों और अपनी जड़ों से दोष के उन्मूलन का संकेत है। जहां भी इन अश्वमेध यज्ञ का प्रदर्शन किया गया है, उन क्षेत्रों में अपराधों और आक्रामकता की दर में कमी का अनुभव किया है। अश्वमेध यज्ञ पारिस्थितिकी संतुलन के लिए और आध्यात्मिक वातावरण की शुद्धि के लिए गायत्री मंत्र से जुड़ा है। गुप्त साम्राज्य के पतन के बाद अश्वमेध प्राय- बन्द ही हो गया।





केतु देव

# राहु और केतु के प्रकोप से कैसे बचें

**शनि, राहु और केतु हमारे जीवन में अचानक घटने वाली घटनाओं के लिए जिम्मेदार रहते हैं। काला जादू, तंत्र, टोना, डरावने स्वप्न, दुर्घटना आदि राहु ग्रह अपने प्रभाव से करवाता है तो केतु रात की नींद हराम कर देता है और अचानक धोखे का शिकार बना देता है और धन संपत्ति का नुकसान कर देता है। ऐसे में आओ जानते हैं इससे बचने के लिए लाल किताब के अचूक उपाय।**

## राहु का उपाय

राहु ससुराल पक्ष का कारक है, ससुराल से बिगाड़ नहीं चलना चाहिए। सिर पर चोटी रखना, माथे पर चंदन का तिलक लगाना, भोजन कक्ष में ही भोजन करना राहु का उपाय है। घर में ठोस चांदी का हाथी रख सकते हैं। सरस्वती की आराधना करें। गुरु का उपाय करें। संयुक्त परिवार में रहें। कोयला बहते पानी में डाले। गोमेद मध्यमिका अंगुली में धारण करें। चांदी का चौकोर टुकड़ा अपने पास रखें।

## केतु का उपाय

संतानें केतु हैं। इसलिए संतानों से संबंध अच्छे रखें। भगवान, गणेश की आराधना करें। दोरंगी कुत्ते को रोटी खिलाएं। कान छिदवाएं और कुत्ता पालें। काला और सफेद कंबल दान करें। केसर का तिलक लगाएं। हनुमान मंदिर में ध्वज दान करें। घर ध्वजा लहराएं।

## राहु और केतु

राहु और केतु ग्रह के लिए काली गाय का घी और कस्तूरी इत्र का उपयोग कर सकते हैं। कस्तूरी इत्र न मिले तो केसर का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा घर में प्रतिदिन कर्पूर जलाएं या गुड़-घी को मिलाकर कंडे पर जलाएं। घर के शौचालय को साफ-सुधरा रखें। कुंडली में राहु या केतु का प्रत्येक खाने में अलग-अलग असर होता है।

## खाना नंबर एक

यदि आपकी कुंडली के पहले भाव में राहु और सातवें भाव में केतु हो तो चांदी की ठोस गोली अपने पास रखें।

## खाना नंबर दो

यदि आपकी कुंडली के दूसरे भाव में राहु और आठवें में केतु हो तो दो रंग या ज्यादा रंगों वाला कंबल दान करें।

## खाना नंबर तीन

यदि आपकी कुंडली के तीसरे भाव में राहु और नवम भाव में केतु हो तो सोना धारण करें। बाएं हाथ की कनिष्ठा में सोने का छल्ला पहनें या चने की दाल बहते पानी में बहाएं।

## खाना नंबर चार

यदि आपकी कुंडली के चौथे भाव में राहु और दसम भाव में केतु हो तो चांदी की डिब्बी में शहद भरकर घर के बाहर जमीन में दबाएं।

## खाना नंबर पांच

यदि आपकी कुंडली के पांचवें भाव में राहु और ग्यारहवें भाव में केतु हो तो घर में चांदी का ठोस हाथी रखें।

## खाना नंबर छह

यदि आपकी कुंडली के छठे भाव में राहु और बारहवें भाव में केतु हो तो बहन की सेवा करें, ताजे फूल अपने पास रखें व कुत्ता पालें।

## खाना नंबर सात

यदि आपकी कुंडली के सातवें भाव में राहु और पहले भाव में केतु हो तो लोहे की गोली को लाल रंग से रंगकर अपने पास रखें। चांदी की डिब्बी में बहते पानी का जल भरकर उसमें चांदी का एक चौकोर टुकड़ा डालकर तथा डिब्बी को बंद करके घर में रखने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखते रहें कि डिब्बी का जल सूखे नहीं।

## खाना नंबर आठ

यदि आपकी कुंडली के अष्टम भाव में राहु और दूसरे भाव में केतु हो तो 800 ग्राम सिक्कों के आठ टुकड़े करके एकसाथ बहते पानी में प्रवाहित करना अच्छा होगा।

## खाना नंबर नौ

यदि आपकी कुंडली के नवम भाव में राहु और तीसरे भाव में केतु हो तो चने की दाल पानी में प्रवाहित करें। चांदी की ईंट बनवाकर घर में रखें।

## खाना नंबर दस

यदि आपकी कुंडली के दसम भाव में राहु और चौथे भाव में केतु हो तो पीतल के बर्तन में बहती नदी या नहर का पानी भरकर घर में रखना चाहिए। उस पर चांदी का ढक्कन हो तो अतिउत्तम।

## खाना नंबर ग्यारह

आपकी कुंडली के ग्यारहवें भाव में राहु और पांचवें भाव में केतु होने पर 400 ग्राम सिक्के के 10 टुकड़े कराकर एकसाथ बहते जल में प्रवाहित करना चाहिए। इसके अलावा 43 दिनों तक गाजर या मूली लेकर सोते समय सिरहाने रखकर सुबह मंदिर आदि में दान कर दें।

## खाना नंबर बारह

यदि आपकी कुंडली के बारहवें भाव में राहु और छठे भाव में केतु हो तो लाल रंग की बोरी के आकार की थैली बनाकर उसमें सौंफ या खांड भरकर सोने वाले कमरे में रखना चाहिए। कपड़ा चमकीला न हों। केतु के लिए सोने के जेवर पहनना उत्तम होगा।

# दिल्ली सीएम पर हमले के बाद हटाए गए पुलिस कमिश्नर

- एएपी का आरोप,पुलिस सीसीटीवी फुटेज छिपा रही,केजरीवाल पर अटैक के वीडियो जारी करती थी





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर उनके आवास पर एक जनसभा के दौरान हमले के एक दिन बाद, गुरुवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसबीके सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उनकी जगह 1992 बैच के आईपीएस अफसर सतीश गोलचा को नियुक्त किया गया है। गोलचा 2020 में दिल्ली दंगों के दौरान स्पेशल पुलिस कमिश्नर थे और पिछले साल अप्रैल में उन्हें डायरेक्टर जनरल (जेल) नियुक्त किया गया था। दिल्ली पुलिस ने राजेश भाई खिमजी के एक दोस्त को राजकोट से हिरासत में लिया है। हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं है कि वह सीएम पर हमले से जुड़े मामले में शामिल था या नहीं।

पुलिस उन 10 लोगों पर नजर रख रही है जो कॉल और चैट के जरिए आरोपी के संपर्क में थे। पुलिस की एक टीम राजकोट में उन 5 और लोगों के बयान दर्ज करेगी जिनका डेटा आरोपी के मोबाइल से लिया गया है। दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी ने हमले को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा, किसी ने अब तक हमले का सीसीटीवी फुटेज नहीं देखा है।

# अब पशुपालन से किसानों की बढ़ेगी आय, बनेंगे आत्मनिर्भर

## सीएम का संकल्प,प्रदेश को बनाया जाए मिल्क कैपिटल



**भोपाल।** प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें पशुपालन गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दे रही है।

पशुपालन से किसानों की आय बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह हमारा संकल्प है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन निरंतर बढ़े और वर्ष 2028 तक प्रदेश को देश की 'मिल्क कैपिटल' बनाया जाये। गो-संरक्षण और गो-संवर्धन सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में पशुपालन विभाग को गो-पालन विभाग का नाम दिया गया है। प्रदेश में देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9 फीसदी होता है, जिसे 20 फीसदी तक ले जाने का सरकार का लक्ष्य है। प्रदेश में गोवंश के लिए आहार की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिमाह दी जाने वाली राशि को 20 से बढ़कर 40 कर दिया गया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू

प्रदेश में पशुपालन और डेयरी विकास के लिए सरकार द्वारा नई योजनाएं शुरू की गई हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना में पशुपालक को 25 दुधारू पशु गाय, संकर गाय, भैंस की इकाई प्रदान की जाएगी। इस इकाई की लागत 36 से 42 लाख रुपए के बीच रहेगी। योजना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए 33 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग के लिए 25 फीसदी अनुदान की व्यवस्था की गई है। सरकार अब सिर्फ भैंस का नहीं गाय का दूध भी खरीदेगी। गाय के दूध की खरीद की कीमत बढ़ाई जाएगी। प्रदेश में स्वावलंबी गो-शालाओं की स्थापना नीति 2025 भी लागू की गई है।

- **गो-संरक्षण में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य-** गो-संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना, कामधेनु निवास योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम, नस्ल सुधार कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का प्रदेश में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में न केवल गोवंश का समुचित पालन-पोषण किया जा रहा है, अपितु दुग्ध उत्पादन में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रदेश में स्वाबलंबी गो-शालाओं की स्थापना नीति पर तेज गति से कार्य किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रदेश में 28 स्थान चिन्हित किए गए हैं तथा 8 स्वयं सेवी संस्थाओं को भूमि भी आवंटित भी की जा चुकी है। योजना में 5000 एवं अधिक गो-वंश के पालन पर शासन की ओर से 130 एकड़ तक भूमि आवंटित किए जाने का प्रावधान है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स